Roll No.----------------------

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 2 | 9 | 0 |

(To be filled in the OMR Sheet)

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

O.M.R. Serial No.

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
Question Booklet Series
**C**

# LL.B (Third Semester) Examination, July-2022

## (LL.B301)

## Administrative Law

(For Regular/Ex/Back Paper)

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET) में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर दिया जाता है, तो उसे गलत उत्तर माना जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी ओ०एम०आर० शीट उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

**K-290**

1. Who was the first Lokpal of India?
   (A) P.C. Ghose
   (B) J.S. Verma
   (C) A.S. Anand
   (D) None of the above

1. भारत के प्रथम लोकपाल कौन थे?
   (A) पी० सी० घोष
   (B) जे० एस० वर्मा
   (C) ए० एस० आनन्द
   (D) इनमें से कोई नहीं

2. Ombudsman is a/an_______term.
   (A) Indian
   (B) Scandinavian
   (C) French
   (D) English

2. ओम्बुड्समैन एक _________पद है:
   (A) भारतीय
   (B) स्कैन्डीनेवीयन
   (C) फ्रेंच
   (D) अंग्रेजी

3. Lokpal and Lokayuktas Act came into force on:
   (A) 1 January, 2013
   (B) 1 January, 2014
   (C) 16 January, 2013
   (D) 16 January, 2014

3. लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम प्रवर्तन ___________ को आया:
   (A) 1 जनवरी, 2013
   (B) 1 जनवरी, 2014
   (C) 16 जनवरी, 2013
   (D) 16 जनवरी, 2014

4. The word Lokpal was firstly coined by:
   (A) L.M. Singhvi
   (B) M.C. Setalwad
   (C) H.J. Kania
   (D) None of the above

4. 'लोकपाल' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग __________ द्वारा किया गया:
   (A) एल० एम० सिंघवी
   (B) एम० सी० सीतलवाड़
   (C) एच० जे० कानिया
   (D) इनमें से कोई नहीं

5. Lokpal is a/an_______ body.
   (A) Environmental
   (B) Anti-corruption
   (C) Anti-terrorism
   (D) Consumer-awareness

5. लोकपाल एक_______ संस्था है:
   (A) पर्यावरणीय
   (B) भ्रष्टाचार निरोधी
   (C) आतंकवाद निरोधी
   (D) उपभोक्ता जागरूकता

6. Which of the following is/are a public corporation?
   (A) State trading corporation
   (B) Food corporation of India
   (C) Unit Trust of India
   (D) All of the above

6. निम्नलिखित में कौन लोक निगम है?
   (A) राज्य व्यापार निगम
   (B) भारतीय खाद्य निगम
   (C) भारतीय यूनिट ट्रस्ट
   (D) उपरोक्त सभी

7. Public corporation is owned by:
   (A) Private body
   (B) State
   (C) Judiciary
   (D) None of the above

7. लोक निगम पर स्वामित्व होता है:
   (A) निजी निकाय का
   (B) राज्य का
   (C) न्यायपालिका का
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. Public corporation is created by:
   (A) Judiciary
   (B) Legislature
   (C) Private person
   (D) All are correct

8. लोक निगम निर्मित किया जाता है:
   (A) न्यायपालिका द्वारा
   (B) विधायिका द्वारा
   (C) निजी व्यक्ति द्वारा
   (D) सभी विकल्प सही है

9. Public corporation is also known as:
   (A) Statutory corporation
   (B) Illegal corporation
   (C) Fictious corporation
   (D) None of the above

9. लोक निगम को________ के नाम से भी जाना जाता है:
   (A) सांविधिक निगम
   (B) अवैध निगम
   (C) काल्पनिक निगम
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

10. Public corporation is a:
   (A) Legal person
   (B) Natural person
   (C) Non-Juristic person
   (D) None of the above

10. लोक निगम एक________ है:
   (A) विधिक व्यक्ति
   (B) नैसर्गिक व्यक्ति
   (C) अन्यायिक व्यक्ति
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. Under Indian constitution, the separation of judiciary from executive is a:

(A) Fundamental duty
(B) Directive principle
(C) Fundamental right
(D) None of the above

12. Administrative law is the law concerning the power and procedure of:

(A) Legislative authority
(B) Administrative authority
(C) Judicial authority
(D) None of the above

13. Vidyawati Vs. State of Rajasthan is a leading case on:

(A) Vicarious liability of the state
(B) Vicarious liability of the company
(C) Vicarious liability of corporations
(D) None of the above

14. Which one of the following is not a ground for exclusion of natural justice?

(A) Statutory exclusion
(B) Public interest
(C) Emergency
(D) National integration

11. भारतीय संविधान में कार्यपालिका से न्यायपालिका को पृथक करना है:

(A) मूल कर्त्तव्य
(B) निदेशक सिद्धांत
(C) मूल अधिकार
(D) इनमें से कोई नहीं

12. प्रशासनिक विधि __________की शक्ति और प्रक्रिया से सम्बन्धित विधि है:

(A) विधायी प्राधिकारी
(B) प्रशासनिक प्राधिकारी
(C) न्यायिक प्राधिकारी
(D) इनमें से कोई नहीं

13. विद्यावती बनाम राजस्थान राज्य ________पर एक महत्वपूर्ण मामला है:

(A) राज्य का प्रतिनिधिक दायित्व
(B) कम्पनी का प्रतिनिधिक दायित्व
(C) निगमों का प्रतिनिधिक दायित्व
(D) इनमें से कोई नहीं

14. निम्नलिखित में से कौन प्राकृतिक न्याय के अपवर्जन का आधार नहीं है?

(A) सांविधिक अपवर्जन
(B) लोकहित
(C) आपातकाल
(D) राष्ट्रीय एकता

15. Judicial control over delegated legislation is exercised through:

(A) Commission

(B) Writs

(C) Summon

(D) All of the above

15. प्रत्यायोजित विधायन पर न्यायिक नियंत्रण ________ के द्वारा किया जाता है:

(A) आयोग

(B) रिट

(C) समन

(D) उपरोक्त सभी

16. The chairperson of Lokpal is appointed by:

(A) Prime Minister

(B) Chief Justice of India

(C) President of India

(D) Vice-President

16. लोकपाल के अध्यक्ष की नियुक्ति________ द्वारा की जाती है:

(A) प्रधानमंत्री

(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(C) भारत के राष्ट्रपति

(D) उप–राष्ट्रपति

17. Wednesbury principle is related with:

(A) Hindu Law

(B) Muslim Law

(C) Cyber Law

(D) None of the above

17. वेडनसबरी सिद्धान्त ________से सम्बन्धित है:

(A) हिन्दू विधि

(B) मुस्लिम विधि

(C) साइबर विधि

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

18. The ground of judicial review of administrative actions is/are:

(A) Illegality

(B) Ultra-vires

(C) Irrelevant considerations

(D) All of the above

18. प्रशासनिक कार्यों के न्यायिक पुनर्विलोकन का आधार है:

(A) अवैधता

(B) अधिकारातीत

(C) अप्रासंगिक विमर्श

(D) उपरोक्त सभी

19. The case of judicial review may be brought in:

(A) High court only

(B) Supreme court only

(C) District court only

(D) Both (A) and (B)

19. न्यायिक पुनर्विलोकन के मामले लाये जा सकते हैः

(A) केवल उच्च न्यायालय में

(B) केवल उच्चतम न्यायालय में

(C) केवल जिला न्यायालय में

(D) (A) और (B) दोनों में

20. Judicial review is the power of:

(A) Legislature

(B) Executive

(C) Judiciary

(D) Public corporations

20. न्यायिक पुनर्विलोकन ________ की शक्ति हैः

(A) विधायिका

(B) कार्यपालिका

(C) न्यायपालिका

(D) लोक निगम

21. Public corporations are financially independent. This statement is:

(A) False

(B) True

(C) Partly True

(D) Partly False

21. लोक निगम आर्थिक रूप से स्वतंत्र होते है। यह कथन हैः

(A) गलत

(B) सही

(C) आंशिक सही

(D) आंशिक गलत

22. Public corporation are answerable to:

(A) Judiciary

(B) Legislature

(C) Executive

(D) All of the above

22. लोक निगम __________ को जवाबदेह हैः

(A) न्यायपालिका

(B) विधायिका

(C) कार्यपालिका

(D) उपरोक्त सभी

23. Which of the following writs is issued against the usurper of an office?
(A) Quo-Warranto
(B) Prohibition
(C) Habeas corpus
(D) Mandmus

24. Writ of certiorari is a:
(A) Positive remedy
(B) Negative remedy
(C) Curative remedy
(D) Preventive remedy

25. Who said that "The King is not under man but under God and under the law because it is the law that makes the King"?
(A) Bracton
(B) Acton
(C) Atkin
(D) Wright

26. "The old distinction between sovereign and non-sovereign functions should no longer be invoked to determine liability of the state." This statement is made by:
(A) Supreme court
(B) Allahabad High court
(C) Law commission of India
(D) President of India

23. निम्नलिखित में से कौन सी रिट किसी कार्यालय को हड़पने वाले के विरूद्ध जारी की जाती है?
(A) अधिकार पृच्छा
(B) प्रतिषेध
(C) बन्दी प्रत्यक्षीकरण
(D) परमादेश

24. उत्प्रेषण रिट एक__________ है:
(A) सकारात्मक उपचार
(B) नकारात्मक उपचार
(C) उपचारात्मक उपचार
(D) निवारक उपचार

25. किसने कहा कि "राजा मनुष्य के अधीन नहीं है बल्कि भगवान और विधि के अधीन है क्योंकि विधि ही राजा बनाती है"?
(A) ब्रेक्टन
(B) एक्टन
(C) एटकिन
(D) राइट

26. "राज्य के दायित्व को निर्धारित करने के लिए सम्प्रभु और असम्प्रभु कार्यों के बीच पुराने भेद को अब लागू नहीं किया जाना चाहिए।" यह कथन है:
(A) उच्चतम न्यायालय का
(B) इलाहाबाद उच्च्व न्यायालय का
(C) भारतीय विधि आयोग का
(D) भारत के राष्ट्रपति

27. State of West Bengal Vs. B.K. Mondal is a leading case on:
(A) Government contract
(B) Lokpal
(C) Promissory estoppel
(D) None of the above

27. पश्चिम बंगाल राज्य बनाम बी० के० मंडल __________ पर एक महत्वपूर्ण वाद है:
(A) सरकारी संविदा
(B) लोकपाल
(C) वचन विबंध
(D) इनमें से कोई नहीं

28. Motilal Padampat Sugar Mills Vs. State of Uttar Pradesh is an important case on:
(A) Quo-Warranto Writ
(B) Estoppel
(C) Government contract
(D) Delegated legislation

28. मोतीलाल पदमपत सुगर मिल्स बनाम उत्तर प्रदेश राज्य________ पर एक महत्वपूर्ण मामला है:
(A) अधिकार पृच्छा याचिका
(B) विबंध
(C) सरकारी संविदा
(D) प्रत्यायोजित विधायन

29. Ridge Vs. Baldwin is a leading case on:
(A) Natural justice
(B) Public corporation
(C) Separation of powers
(D) None of the above

29. रिज बनाम बाल्डविन________ पर एक महत्वपूर्ण मामला है:
(A) नैसर्गिक न्याय
(B) लोक निगम
(C) शक्तियों का पृथक्करण
(D) इनमें से कोई नहीं

30. Hamdard Dawakhana Vs. Union of India is a leading case on:
(A) Estoppel
(B) Excessive delegation
(C) Tortious liability
(D) Rule of law

30. हमदर्द दवाखाना बनाम भारत संघ ___________ पर एक महत्वपूर्ण मामला है:
(A) विबंध
(B) अत्यधिक प्रत्यायोजन
(C) अपकृत्यात्मक दायित्व
(D) विधि का शासन

31. In "The New Despotism" the growing use of________was criticised.

(A) Delegated Legislation

(B) Rule of Law

(C) Estoppel

(D) Ombudsman

31. "The New Despotism" में________ की बढ़ती प्रवृत्ति आलोचना की गयी:

(A) प्रत्यायोजित की विधायन

(B) विधि का शासन

(C) विबंध

(D) ओम्बुड्समैन

32. "The spirit of Laws" was published in the year:

(A) 1748

(B) 1751

(C) 1878

(D) 1888

32. "The spirit of Laws" वर्ष में प्रकाशित हुई:

(A) 1748

(B) 1751

(C) 1878

(D) 1888

33. Donoughmore committee report was published in:

(A) 1930

(B) 1931

(C) 1932

(D) 1933

33. डोनोघमोर कमिटी रिपोर्ट वर्ष________ में प्रकाशित हुई:

(A) 1930

(B) 1931

(C) 1932

(D) 1933

34. Franks committee was appointed in:

(A) 1951

(B) 1953

(C) 1955

(D) 1957

34. फ्रैंक्स समिति की नियुक्ति __________में की गयी थी:

(A) 1951

(B) 1953

(C) 1955

(D) 1957

35. The Administrative Procedure Act was enacted in:
(A) 1942
(B) 1944
(C) 1945
(D) 1946

35. प्रशासनिक प्रक्रिया अधिनियम_______ में अधिनियमित किया गया:
(A) 1942
(B) 1944
(C) 1945
(D) 1946

36. Peninsular and Oriental steam Navigation company Vs. Secretary of State for India was decided by Bombay High Court Bench consisting:
(A) Peacock and Maine
(B) Jackson and Blackstone
(C) Wells and Wells
(D) Peacock, Jackson and Wells

36. पेनिन्सुलर ऐन्ड ओरिएन्टल स्टीम नेवीगेशन कम्पनी बनाम सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फार इण्डिया में निर्णय बाम्बे उच्चन्यायालय की बेन्च द्वारा दिया गया:
(A) पीकाक और मेन
(B) जैक्सन और ब्लैकस्टोन
(C) वेल्स और वेल्स
(D) पीकाक, जैक्सन और वेल्स

37. In Kasturilal Ralia Ram Jain Vs. State of Uttar Pradesh, The State was_______ for tortious act.
(A) Not held liable
(B) Held liable
(C) Held liable if President allow
(D) None of the above

37. कस्तूरी लाल रलिया रामजैन बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में राज्य को अपकृत्य के लिए:
(A) दायी नहीं ठहराया गया
(B) दायी ठहराया गया
(C) राष्ट्रपति की अनुमति पर दायी ठहराया गया
(D) इनमें से कोई नहीं

38. The concept of estoppel is contained in_____________ of the Evidence Act.
(A) Sec. 108
(B) Sec. 112
(C) Sec. 113
(D) Sec. 115

38. साक्ष्य अधिनियम की धारा______ में विबंध का सिद्धांत दिया गया है।
(A) धारा 108
(B) धारा 112
(C) धारा 113
(D) धारा 115

39. Who issued public interest litigation Guidelines?

(A) Indian Parliament

(B) Supreme Court of India

(C) Law Ministry

(D) None of the above

39. जनहित याचिका दिशा निर्देश किसने जारी किया?

(A) भारतीय संसद

(B) भारत के उच्चतम न्यायालय

(C) विधि मंत्रालय

(D) इनमें से कोई नहीं

40. On which of the following matters the public interest litigation is acceptable?

(A) Family pension

(B) Petition from riot-victims

(C) Food adulteration

(D) All of the above

40. निम्नलिखित में से किस मामलों में जनहित याचिका स्वीकार्य है?

(A) पारिवारिक पेन्शन

(B) दंगा–पीड़ितों द्वारा याचिका

(C) खाद्य–अपमिश्रण

(D) उपरोक्त सभी

41. Public interest litigation can not be filed on:

(A) Service matters

(B) Neglected children

(C) Death in police custody

(D) Harassment by police

41. जनहित याचिका__________पर दाखिल नहीं की जा सकती है:

(A) सेवा मामले

(B) उपेक्षित बच्चे

(C) पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु

(D) पुलिस द्वारा उत्पीड़न

42. Public interest litigation is defined in:

(A) Constitution of India

(B) Administrative Law

(C) Criminal Law

(D) None of the above

42. जनहित याचिका को परिभाषित किया गया है:

(A) भारतीय संविधान में

(B) प्रशासनिक विधि में

(C) आपराधिक विधि में

(D) इनमें से कोई नहीं

43. A public interest litigation may be filed in:

(A) Only Supreme Court
(B) Only High Court
(C) Only District Court
(D) Supreme Court or High Court

43. एक जनहित याचिका __________ में दायर की जा सकती है।

(A) केवल उच्चतम न्यायालय में
(B) केवल उच्च न्यायालय में
(C) केवल जिला न्यायालय में
(D) उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय में

44. Contract made under Union executive power is governed by:

(A) Article 299
(B) Article 306
(C) Article 316
(D) Article 370

44. संघीय कार्यपालिका शक्ति के तहत की गयी संविदा __________ से नियंत्रित होती है:

(A) अनुच्छेद 299
(B) अनुच्छेद 306
(C) अनुच्छेद 316
(D) अनुच्छेद 370

45. Which of the following rules has been relaxed in public interest litigation?

(A) Cause of action
(B) Locus Standi
(C) Court fees
(D) None of the above

45. जनहित याचिका में निम्नलिखित में से कौन सा नियम शिथिल किया गया?

(A) वाद कारण
(B) लोकस स्टैण्डाई
(C) न्यायालय शुल्क
(D) इनमें से कोई नहीं

46. Whose name is associated with evolution of Public interest litigation in India?

(A) A.S. Anand
(B) J.S. Verma
(C) P.N. Bhagwati
(D) None of the above

46. भारत में जनहित याचिका के विकास से किसका नाम जुड़ा है?

(A) ए० एस० आनन्द
(B) जे० एस० वर्मा
(C) पी० एन० भगवती
(D) इनमें से कोई नहीं

47. Doctrine of necessity is an exception to the:

(A) Rule of Natural justice
(B) Delegated Legislation
(C) Rule of Law
(D) None of the above

47. आवश्यकता का सिद्धान्त__________ का एक अपवाद है:

(A) नैसर्गिक न्याय के नियम
(B) प्रत्यायोजित विधायन
(C) विधि का शासन
(D) इनमें से कोई नहीं

48. "Removal of Difficulties" clause is known as:

(A) Henry VIII clause
(B) Henry I clause
(C) William II clause
(D) William X clause

48. "कठिनाइयों को दूर करने" के खण्ड को_________ भी कहा जाता है:

(A) हेनरी VIII खण्ड
(B) हेनरी I खण्ड
(C) विलियम II खण्ड
(D) विलियम X खण्ड

49. Conceal d'Etat is the highest ________ of France.

(A) Revenue Court
(B) Administrative Court
(C) Court
(D) None of the above

49. Conceal d'Etat फ्रांस का उच्चतम________ है।

(A) राजस्व न्यायालय
(B) प्रशासनिक न्यायालय
(C) न्यायालय
(D) इनमें से कोई नहीं

50. Certiorari is an order of:

(A) District Court
(B) High Court only
(C) Supreme Court only
(D) High Court or Supreme Court

50. उत्प्रेषण ________ का एक आदेश है:

(A) जिला न्यायालय
(B) केवल उच्च न्यायालय
(C) केवल उच्चतम न्यायालय
(D) उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय

51. Which jurist said 20th century of administrative explosion?

(A) Robson
(B) Hart
(C) Julius stone
(D) Hewart

51. किस विधिशास्त्री ने कहा कि 20वीं सदी प्रशासनिक विस्फोट की है?

(A) राब्सन
(B) हार्ट
(C) जूलियस स्टोन
(D) हीवर्ट

52. Which of the following is a category of administrative action?

(A) Rule making action
(B) Rule decision action
(C) Ministerial action
(D) All of the above

52. निम्नलिखित में से कौन प्रशासनिक कार्य की एक श्रेणी है?

(A) नियम बनाने की कार्यवाही
(B) नियम निर्णय कार्यवाही
(C) मंत्रिस्तरीय कार्यवाही
(D) उपरोक्त सभी

53. In the case of In re Delhi Laws Act, section 7 of the Delhi Laws Act, 1912 was declared by supreme court to be:

(A) Ultra-vires
(B) Intra-vires
(C) Unconstitutional
(D) Illegal

53. इन रि डेल्ही लाज एक्ट मामले में उच्चतम न्यायालय ने धारा 7 डेल्ही लाज एक्ट, 1912 को घोषित किया:

(A) अधिकारातीत
(B) अधिकार क्षेत्र के भीतर
(C) असंवैधानिक
(D) अवैध

54. A.K. Kraipak Vs. Union of India is a leading case on:

(A) Delegated legislation
(B) Biasness
(C) Ombudsman
(D) Separation of Powers

54. ए० के० क्रैपक बनाम भारत संघ________ पर एक महत्वपूर्ण मामला है:

(A) प्रत्यायोजित विधायन
(B) पक्षपात
(C) ओम्बुड्समैन
(D) शक्ति पृथक्करण

55. Non-compliance of "Audi Alteram Partem" results in:

(A) Valid action
(B) Null and void action
(C) Only irregularity
(D) Voidable

55. "दूसरे पक्षकार को सुनो" का अनुपालन न करने का परिणाम है:

(A) विधिक कार्य
(B) शून्य कार्य
(C) केवल अनियमितता
(D) शून्यकरणीय

56. Maneka Gandhi Vs. Union of India was decided by a constitution Bench consisting:

(A) 5 judges

(B) 7 judges

(C) 10 judges

(D) 13 judges

56. मेनका गांधी बनाम भारत संघ________द्वारा गठित संवैधानिक पीठ द्वारा निर्णीत किया गया।

(A) 5 न्यायाधीश

(B) 7 न्यायाधीश

(C) 10 न्यायाधीश

(D) 13 न्यायाधीश

57. The system of droit administratif was opposed by:

(A) Pound

(B) Austin

(C) Dicey

(D) Hegel

57. ड्रायट एडमिनिस्ट्रेटिफ व्यवस्था का विरोध ________ ने किया था।

(A) पाउन्ड

(B) आस्टिन

(C) डायसी

(D) हीगेल

58. Maneka Gandhi Vs. Union of India is related to:

(A) Writ of certiorari

(B) Post-decisional hearing

(C) Tortious liability of State

(D) Lokpal

58. मेनका गांधी बनाम भारत संघ सम्बन्धित हैः

(A) उत्प्रेषण रिट से

(B) निर्णय के बाद की सुनवाई से

(C) राज्य के अपकृत्यात्मक दायित्व

(D) लोकपाल

59. Hira Nath Mishra Vs. Principal, Rajendra Medical College, is a leading case on:

(A) Judicial review

(B) Right of Cross-examination

(C) Reasoned decision

(D) Public corporation

59. हीरा नाथ मिश्रा बनाम प्रिंसिपल, राजेन्द्र मेडिकल कालेज________ पर एक महत्वपूर्ण मामला हैः

(A) न्यायिक पुनर्विलोकन

(B) प्रति परीक्षा का अधिकार

(C) सकारण निर्णय

(D) लोक निगम

60. Ashok Kumar Yadav Vs. State of Haryana is a leading case on :
(A) Rule against Biasness
(B) Hear the other party
(C) Delegated Legislation
(D) None of the above

60. अशोक कुमार यादव बनाम हरियाणा राज्य ________ पर एक महत्वपूर्ण मामला हैः
(A) पक्षपात के विरूद्ध नियम
(B) दूसरे पक्षकार को सुनो
(C) प्रत्यायोजित विधायन
(D) इनमें से कोई नहीं

61. A.K. Kraipak Vs. Union of India was decided in the year:
(A) 1950
(B) 1959
(C) 1960
(D) 1969

61. ए० के० क्रैपक बनाम भारत संघ वर्ष ________ में निर्णीत किया गयाः
(A) 1950
(B) 1959
(C) 1960
(D) 1969

62. Which of the following can not be delegated?
(A) Power to repeal a law
(B) Power to impose a tax
(C) Power to exempt without laying down the norms
(D) All of the above

62. निम्नलिखित में से क्या प्रत्यायोजित नहीं किया जा सकता है?
(A) एक विधि को निरसित करने की शक्ति
(B) करारोपण की शक्ति
(C) मानदण्ड निर्धारित किये बिना छूट देने की शक्ति
(D) उपरोक्त सभी

63. In Indian Constituent Assembly______ brought proposal for complete separation of powers.
(A) Ambedkar
(B) Nehru
(C) K.T. Shah
(D) Shibban Lal Saxena

63. भारतीय संविधान सभा में पूर्ण शक्ति पृथक्करण के लिए प्रस्ताव________ द्वारा लाया गया था।
(A) अम्बेडकर
(B) नेहरू
(C) के० टी० शाह
(D) सिब्बन लाल सक्सेना

64. "The doctrine of separation of powers is an exploded doctrine" is said by:

(A) K.M. Munshi
(B) K.T. Shah
(C) B.R. Ambedkar
(D) J.L. Nehru

64. "शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धान्त एक विस्फोटित सिद्धान्त है" ________ द्वारा कहा गया है:

(A) के० एम० मुंशी
(B) के० टी० शाह
(C) बी० आर० अम्बेडकर
(D) जे० एल० नेहरू

65. Administrative body is not answerable to any ordinary court in:

(A) India
(B) England
(C) Canada
(D) France

65. प्रशासनिक निकाय________में किसी सामान्य न्यायालय के प्रति जवाबदेह नहीं है:

(A) भारत
(B) इंग्लैण्ड
(C) कनाडा
(D) फ्रांस

66. Crown proceeding Act was enacted in:

(A) 1942
(B) 1947
(C) 1952
(D) 1957

66. क्राउन प्रोसिडिंग अधिनियम__________ में अधिनियमित किया गया:

(A) 1942
(B) 1947
(C) 1952
(D) 1957

67. The principle of Rule of Law in England means:

(A) Supremacy of droit administratif
(B) Absence of discretionary powers
(C) Absence of arbitrary powers
(D) None of the above

67. इंग्लैण्ड में विधि के शासन के सिद्धान्त का अर्थ है:

(A) ड्रायट एडमिनिस्ट्रेटिफ की सर्वोच्चता
(B) विवेकीय शक्तियों की अनुपस्थिति
(C) मनमानी शक्तियों की अनुपस्थिति
(D) इनमें से कोई नहीं

68. The principles of natural justice owe their origin mainly in:

(A) Legislations
(B) Common Law
(C) Customs
(D) None of the above

68. नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों की उत्पत्ति मुख्यतः__________ में हुई:

(A) विधायन
(B) कामन लॉ
(C) प्रथा
(D) इनमें से कोई नहीं

69. "Nemo judex in causa sua" means:

(A) No one can be judge in his own cause
(B) No one can be judge in others case
(C) No one shall be judge in his case
(D) None of the above

69. "Nemo judex in causa sua" का अर्थ है:

(A) कोई व्यक्ति अपने मामले में न्यायाधीश नहीं हो सकता
(B) कोई व्यक्ति दूसरे के मामले में न्यायाधीश नहीं हो सकता
(C) किसी व्यक्ति को उसके मामले में न्याय नहीं किया जायेगा
(D) इनमें से कोई नहीं

70. "Audi Alteram Partem" means:

(A) Rights are associated with duties
(B) Everybody has a right to be defended
(C) Hear the other party
(D) None of the above

70. "Audi Alteram Partem" का अर्थ है:

(A) अधिकार और कर्त्तव्य जुड़े है
(B) हर एक व्यक्ति को बचाव का अधिकार है
(C) दूसरे पक्षकार को सुनो
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

71. Delegated legislation and conditional legislation are same term. This statement is:

(A) True
(B) False
(C) Partly true
(D) Partly false

71. प्रत्यायोजित विधायन और सशर्त विधायन एक समान शब्द है। यह कथन है:

(A) सत्य
(B) असत्य
(C) आंशिक सत्य
(D) आंशिक असत्य

72. Which of the following is not a subordinate Legislation?

(A) Act

(B) Code

(C) Rules

(D) Both (A) and (B)

72. निम्नलिखित में कौन अधीनस्थ विधायन नहीं है?

(A) अधिनियम

(B) संहिता

(C) नियम

(D) (A) और (B) दोनों

73. In re Delhi Laws Act case, the decision was delivered by the Bench consisting:

(A) 5 Judges

(B) 7 Judges

(C) 13 Judges

(D) 21 Judges

73. इन रि डेल्ही लॉस एक्ट मामले में ____________ द्वारा गठित बेन्च द्वारा निर्णय दिया गया।

(A) 5 न्यायाधीशों

(B) 7 न्यायाधीशों

(C) 13 न्यायाधीशों

(D) 21 न्यायाधीशों

74. In United Kingdom, which is supreme?

(A) Judiciary

(B) Executive

(C) Parliament

(D) None of the above

74. यूनाइडेट किंगडम में कौन सर्वोच्च है?

(A) न्यायपालिका

(B) कार्यपालिका

(C) संसद

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. Delegated Legislation is not allowed in the U.S.A. This statement is:

(A) Incorrect

(B) Correct

(C) Partly incorrect

(D) Partly correct

75. अमेरिका में प्रत्यायोजित विधायन अनुमत नहीं है। यह कथन है:

(A) असत्य

(B) सत्य

(C) आंशिक असत्य

(D) आंशिक सत्य

76. Committee on subordinate Legislation of Lok Sabha was firstly appointed in:

(A) 1949

(B) 1951

(C) 1952

(D) 1953

76. लोकसभा की अधीनस्थ विधायन पर समिति सर्वप्रथम नियुक्त की गयी:

(A) 1949 में

(B) 1951 में

(C) 1952 में

(D) 1953 में

77. Delegated legislation is also known as:

(A) Supreme Legislation

(B) Subordinate Legislation

(C) International Legislation

(D) None of the above

77. प्रत्यायोजित विधायन को________ भी कहा जाता है:

(A) सर्वोच्च विधायन

(B) अधीनस्थ विधायन

(C) अन्तर्राष्ट्रीय विधायन

(D) इनमें से कोई नहीं

78. Which case is known as the "Bible of Delegated Legislation"?

(A) In re Delhi Laws Act

(B) Queen Vs. Burah

(C) Queen Vs. Banwari Lal Sharma

(D) All of the above

78. किस मामले को "प्रत्यायोजित की बाइबिल" कहा जाता है?

(A) इन रि डेल्ही लॉस एक्ट

(B) क्वीन बनाम बुराह

(C) क्वीन बनाम बनवारी लाल शर्मा

(D) उपरोक्त सभी

79. Doctrine of ultra-vires is related to:

(A) Saloman Vs. Saloman

(B) Foss Vs. Harbottle

(C) Ashbury Railway Carriage and Iron Co. Vs. Riche

(D) All of the above

79. अधिकारातीत का सिद्धान्त संबंधित है:

(A) सालोमन बनाम सालोमन से

(B) फॉस बनाम हार्बोटल

(C) ऐशबरी रेलवे कैरिज ऐन्ड आयरन क० बनाम रिचे

(D) उपरोक्त सभी

80. Delegatus non potest delegare means:
(A) A delegate can further delegate its powers
(B) Delegated legislation is valid
(C) A delegate cannot further delegate his powers
(D) None of the above

80. Delegatus non potest delegare का अर्थ है:
(A) एक प्रत्यायोजिती अपनी शक्तियों को आगे प्रत्यायोजित कर सकता है
(B) प्रत्यायोजित विधायन वैध है
(C) एक प्रत्यायोजिती अपनी शक्तियों को आगे प्रत्यायोजित नहीं कर सकता है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

81. Essential legislative functions:
(A) Can be delegated
(B) Can not be delegated
(C) Can be delegated with prior permission of president
(D) None of the above

81. आवश्यक विधायी शक्तियाँः
(A) प्रत्यायोजित की जा सकती है
(B) प्रत्यायोजित नहीं की जा सकती है
(C) राष्ट्रपति के पूर्व अनुमति से प्रत्यायोजित की जा सकती है
(D) इनमें से कोई नहीं

82. Who said that "Legislatures have no control over the executive"?
(A) Lloyd George
(B) Wade
(C) Philips
(D) Bentham

82. किसने कहा कि "विधायिकाओं का कार्यपालिका पर कोई नियंत्रण नहीं है"?
(A) लायड जार्ज
(B) वेड
(C) फिलिप्स
(D) बेन्थम

83. Delegated legislation made with improper motive is:
(A) Constitutional
(B) Legal
(C) Illegal
(D) None of the above

83. अनुचित हेतु से बनाये गये प्रत्यायोजित विधायन है:
(A) संवैधानिक
(B) विधिक
(C) अविधिक
(D) इनमें से कोई नहीं

84. The delegation of essential legislative function is:
(A) Valid
(B) Invalid
(C) Constitutional
(D) Legal

84. आवश्यक विधायी कार्य का प्रत्यायोजन है:
(A) वैध
(B) अवैध
(C) संवैधानिक
(D) विधिक

85. Subordinate legislation should be________ of the statute.
(A) Ultra-vires
(B) Intra-vires
(C) Improper
(D) Unreasonable

85. अधीनस्थ विधायन संविधि के ________ होने चाहिए।
(A) अधिकारातीत
(B) अधिकार क्षेत्र में
(C) अनुचित
(D) अयुक्तियुक्त

86. Legislation may be:
(A) Supreme
(B) Subordinate
(C) Supreme or subordinate
(D) None of the above

86. विधायन हो सकते है:
(A) सर्वोच्च
(B) अधीनस्थ
(C) सर्वोच्च या अधीनस्थ
(D) इनमें से कोई नहीं

87. Droit Administratif is related to:
(A) France
(B) USA
(C) India
(D) UK

87. ड्रायट एडमिनिस्ट्रेटिफ सम्बंधित है:
(A) फ्रांस से
(B) अमेरिका से
(C) भारत से
(D) यूनाइटेड किंगडम से

88. In India, the executive is part of the legislature. This statement is:
(A) Correct
(B) Incorrect
(C) Partly correct
(D) Partly incorrect

88. भारत में कार्यपालिका विधायिका का भाग है यह कथन है:
(A) सही
(B) गलत
(C) आंशिक सही
(D) आंशिक गलत

89. Administrative Law is a branch of:

(A) Private Law
(B) Public Law
(C) Criminal Law
(D) International Law

89. प्रशासनिक विधि की शाखा है:

(A) व्यक्तिगत विधि
(B) लोक विधि
(C) आपराधिक विधि
(D) अन्तर्राष्ट्रीय विधि

90. The modern concept of Rule of Law is developed by:

(A) UDHR, 1948
(B) Delhi declaration, 1959
(C) Rio-Summit
(D) None of the above

90. विधि के शासन की आधुनिक अवधारणा द्वारा विकसित की गयी:

(A) यू० डी० एच० आर०, 1948
(B) दिल्ली घोषणा, 1959
(C) रियो सम्मिट
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

91. Rule of Law is a basic structure of the Indian constitution. This statement is:

(A) Correct
(B) Incorrect
(C) Partly correct
(D) Partly incorrect

91. विधि का शासन भारतीय संविधान का एक मूल ढ़ांचा है। यह कथन है:

(A) सत्य
(B) असत्य
(C) आंशिक सत्य
(D) आंशिक असत्य

92. Which case is popularly known as "Habeas corpus" case?

(A) Adams Vs. Naylor
(B) Ajay Kumar Vs. Union of India
(C) ADM Jabalpur Vs. Shivakant Shukla
(D) A.K. Gopalan Vs. State of Madras

92. किस मामले को "हैबियस कार्पस" मामला के रूप में जाना जाता है?

(A) एड्म्स बनाम नेलर
(B) अजय कुमार बनाम भारत संघ
(C) ए० डी० एम० जबलपुर बनाम शिवाकान्त शुक्ला
(D) ए० के० गोपालन बनाम मद्रास राज्य

93. "The New Despotism" is written by:

(A) Crossman

(B) Lord Hewart

(C) Peter Roth

(D) Midland

93. "The New Despotism" द्वारा लिखी गयी है:

(A) क्रासमैन

(B) लार्ड हिवर्ट

(C) पीटर राथ

(D) मिडलैन्ड

94. The participants in the New Delhi congress____________ were from countries.

(A) 25

(B) 35

(C) 52

(D) 53

94. नई दिल्ली कांग्रेस में प्रतिभाग करने वाले कुल ____________ देशों से आये थे।

(A) 25

(B) 35

(C) 52

(D) 53

95. What was the theme of the New Delhi congress (1959)?

(A) Rule of Law in the World

(B) Rule of Law in a Free society

(C) Rule of Law and World

(D) Rule of Law and Human Rights

95. नई दिल्ली कांग्रेस (1959) का विषय क्या था?

(A) विश्व में विधि का शासन

(B) एक स्वतंत्र समाज में विधि का शासन

(C) विधि का शासन एवं विश्व

(D) विधि का शासन और मानवाधिकार

96. Which of the following is derived from "La Principe de legalite"?

(A) Rule of Law

(B) Separation of Powers

(C) Doctrine of Reasonableness

(D) None of the above

96. निम्नलिखित में से कौन "La Principe de legalite" से व्युत्पन्न हुआ है?

(A) विधि का शासन

(B) शक्ति पृथक्करण

(C) युक्तियुक्तता का सिद्धान्त

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

97. "Introduction to the Law of Constitution" is written by:

(A) Hewart

(B) Dicey

(C) Blackstone

(D) None of the above

97. "Introduction to the Law of Constitution"___________ के द्वारा लिखी गयी है।

(A) हीवर्ट

(B) डायसी

(C) ब्लैकस्टोन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

98. Which hinders the growth of administrative law in England?

(A) Rule of Law

(B) Separation of Powers

(C) Doctrine of Ultra-vires

(D) Supremacy of Parliament

98. इंग्लैण्ड में प्रशासनिक विधि के विकास में कौन सिद्धान्त बाधा डालता है?

(A) विधि का शासन

(B) शक्तियों का पृथक्करण

(C) अधिकारातीत का सिद्धान्त

(D) संसद की सर्वोच्चता

99. Who wrote 'The Spirit of Laws'?

(A) Dicey

(B) Montesquieu

(C) Hewart

(D) Denning

99. 'The Spirit of Laws' किसने लिखा?

(A) डायसी

(B) मान्टेस्क्यू

(C) हीवर्ट

(D) डेनिंग

100. The main reason for the growth of Administrative Law is:

(A) Growth in science and technology

(B) Inadequate courts

(C) Limitation of time, technicality and quick action

(D) All of the above

100. प्रशासनिक विधि के विकास के मुख्य कारण है:

(A) विज्ञान और प्रौद्योगिकी में वृद्धि

(B) अपर्याप्त न्यायालय

(C) समय की सीमा, तकनीकी और त्वरित कार्यवाही

(D) उपरोक्त सभी

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet (O.M.R ANSWER SHEET) completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the answer will be marked as wrong.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET).**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination, please hand over the **O.M.R. SHEET** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.